पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने महाराणा प्रताप की जयन्ती पर श्रद्धासुमन अर्पित किये

लखनऊः 9 मई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज महाराणा प्रताप जयन्ती के अवसर लखनऊ के हुसैनगंज चैराहा स्थित प्रतिमा पर जाकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप वीरता, अदम्य साहस और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। वे अपनी मातृभूमि मेवाड़ की रक्षा के लिये अडिग रहे। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का संघर्षमय जीवन विषम एवं विपरीत परिस्थितियों में भी हार ना मानने की प्रेरणा प्रदान करता है।

राज्यपाल ने इस अवसर पर लोगों का आह्वान किया कि महापुरूषों की जयन्ती व पुण्य तिथि के अवसर पर उनके विचारों का आत्मसात करने व अपने देश एवं प्रदेश के विकास के लिये नये संकल्प करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि महापुरूषों की जयन्ती पर घोषित अवकाश का उपयोग उसके उद्देश्य के अनुसार होना चाहिये।